श्रीमती राजू देवी बैद

धर्मपत्नी कमलचन्द जी बैद, मुम्बई

के

मासखमण की तपस्या

पूर्ण होने के उपलक्ष्य में

सप्रेम भेंट:-

मधु घट
द्वितीय संस्करण अक्षय तृतीया, अप्रैल 2009
प्रकाशक
श्री सूरजमल छाजेड़
चौपड़ा स्कूल के पास, नई लाईन
गगाशहर-334401 (बीकानेर)
मूल्य नित्य पठन

चाहे जो मजबूरी हो सामायिक जरूरी हो कि तर्ज पर ही चाहे जो मजबूरी हो इस किताब से 5 मिनिट का स्वाध्याय जरूरी हो। चाहे जितना भी कमालें कितनी धन सम्पत्ति बढ़ाले सब यहीं रह जायेगी। धर्म का एक क्षण भी जिया तो वह साथ जायेगा। जो हमारे साथ चले वही हमारे काम आना है तो फिर इससे पीछे क्यो ? आध्यात्म का चिन्तन मनन ही सच्चा सुख है। – सूरजमल छाजेड़

मुद्रक
अमित कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स
बीकानेर फोन 2547073, 9214555303

पाप कर्म न करना ही वस्तुत परम मंगल है।

तपस्विनी सेवाभाविनी

श्रीमती धन्नीदेवी छाजेड़

(गगाशहर-बीकानेर)

सेवाभावी तपस्विनी श्री धन्नीदेवी छाजेड का जन्म स्व श्री छगनमलजी सुराना, दिनहट्टा, कूचबिहार (गगाशहर-बीकानेर) की धर्मपत्नी श्रीमती सूरजादेवी की कुक्षि से 2004 आषाढ सुदी 5 को हुआ। आपका बाल्यकाल नानीसा की लाडली होने के कारण नानाजी श्री दीपचद जी एव मामाजी श्री जयचन्दलाल जी कलकत्ता (उदासर) के यहॉ बीता।

आपका शुभविवाह सवत् 2018, वैशाख सुदी 9 को रासीसर निवासी श्रेष्ठिवर्य श्री मगलचन्द जी छाजेड़ के द्वितीय पुत्र श्रीमान् सूरजमल जी, रासीसर निवासी के साथ सम्पन्न हुआ।

बाल्यकाल के धार्मिक सस्कार यहॉ आकर फलने-फूलने लगे क्योकि आपको ससुराल भी धार्मिक सस्कार वाला मिला। आपकी सासुजी श्रीमती पानी देवी जी भी बडी धार्मिक सस्कारो वाली होने तथा तपस्या में अग्रणी होने के कारण आपको भी वही वातावरण मिला। आपने श्रावण भादवा एकान्तर तप किया, उसके बाद 17 की बड़ी तपस्या घर का पूर्ण काम करते हुए सम्पन्न कर सबको चौंका दिया। आपने वर्षीतप उस यौवन अवस्था में पूर्ण कर सबको अचम्भित कर दिया। आपके प्रथम वर्षीतप का पारणा आचार्य श्री नानेश के गगाशहर (अक्षय तृतीया) प्रवास मे उनके सानिध्य मे बडे ही

साधु जनो का हृदय नवनीत (मक्खन) के समान कोमल होता है।

ठाठ-बाठ के साथ हुआ। ससुराल पक्ष व पीहर पक्ष में यह प्रथम तपस्या थी।

धार्मिक सस्कार, त्याग-तपस्या में रुचि होने के कारण आपमे मैत्री भाव, सेवाभावना जागृत हुई। आपने गॉव के गरीब बच्चो को कपड़े, भोजन आदि की सहायता करना शुरू किया। आप अस्पतालो में भर्ती मरीजो की सेवा सुश्रुषा करना, उन्हे दवाइयॉ आदि की व्यवस्था करके देना, आर्थिक रूप मे भी जितना सम्भव होता करतीं।

आपकी कुक्षि से चार बालिका रत्न पैदा हुईं। वैसे तो आज के सभ्य समाज मे पुत्र को ही रत्न कहा जाता है, लेकिन इन्होंने पुत्रियो को ही पुत्र रत्न से बढ़कर समझा तथा लालन-पालन उसी हिसाब से किया कि मॉ-बाप का नाम रोशन करे।

प्रथम पुत्री—राजू देवी बैद धर्मपत्नी श्री कमलचन्द जी बैद, नई लेन, गगाशहर (प्रवासी गोरेगाव-मुम्बई) मे रहती है और उनके मासखमण की तपस्या में **मधु घट** पुस्तक का द्वितीय सस्करण प्रकाशित किया जा रहा है। यह भी अपनी मातुश्री की पथगामिनी बन त्याग-तपस्या, धर्म-ध्यान में सेवाभाव मे आगे बढ रही है। आपके एक पुत्री स्वाति एव एक पुत्र पीयूष है ।

दूसरी पुत्री—स्व डॉ वीणा छाजेड, एम बी बी एस। एम डी फीजिशयन करते जोधपुर महात्मा गॉधी हॉस्पिटल मे रोगियो की सेवा करते-करते अपने प्राण त्याग दिये ओर जिनकी यादगार मे उनकी छोटी बहिन डॉ शशिकला छाजेड़,

एम ए (दर्शन), पीएच डी ने उन्हीं की प्रेरणा से यह मधु-घट सकलित कर पूजनीय मातुश्री धन्नी देवी के दूसरे वर्षीतप पर तैयार कर भेंट की है।

तृतीय पुत्री रत्न-श्रीमती चन्द्रकला, एम ए (लोक प्रशासन) धर्मपत्नी डॉ प्रदीप कुमार जी कटारिया एम बी बी एस, एम डी , टी बी एव चेस्ट विशेषज्ञ है। इनके एक पुत्री निष्ठा एव पुत्र विभोर कुमार है।

चतुर्थ पुत्री रत्न-डॉ शशिकला छाजेड, एम ए (दर्शन), पीएच डी है जिन्होने इस **मधु-घट** का सकलन-सपादन कर प्रथम सस्करण तैयार किया। वर्तमान मे आप हुक्मगच्छीय साधुमार्गी जैन सघ के नानेश-रामेश आचार्य श्री के धर्म सघ की बगिया को विदुषी महासतीवर्या प्रणत प्रज्ञा श्री जी के नाम से महका रही है।

अपनी बहिन डॉ वीणा छाजेड, एमबीबीएस को हॉस्पिटल में रोगियो की सेवा करते, दवाइयॉ देते, उन्हे भर्ती कर इलाज कराते देख इनकी भावना भी सेवा सुश्रुषा में लग गई। अपनी बहिन डॉ वीणा का दिनाक 21 अप्रेल 1996 को आकस्मिक देहावसान होने के बाद आपके मन मे किसी भी प्रकार की आसक्ति नहीं रही।

डॉ वीणा के स्वर्गवास के बाद आपने पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री नानेश से सम्यक्त्व ग्रहण किया तब से सासारिक देवी-देवता के स्थान पर वीतराग देव पर अटूट आस्था जम गई। सुगुरु, सुदेव, सुधर्म पर दृढ श्रद्धा हो गई। आजीवन सामायिक, सत दर्शन एव स्वाध्याय आदि आपकी रुचि का

प्रमुख अग बन गये।

गगाशहर (बीकानेर) मे 21 दीक्षा (12 फरवरी 1992) के प्रसग पर आजीवन सजोडे शीलव्रत अगीकार किया। 17-18 वर्षो तक सावन भादवा एकान्तर तप किये। दो वर्षीतप किये, 15 तक की लड़ी की तपस्या में 2-3 कडी बाकी रह गई है। 17 की तपस्या भी आपने प्रथम बार मे सम्पन्न की। वैसे उपवास, बेले, तेले, पचोले आदि की तपस्या भी अनेक बार की है।

आपके धार्मिक सस्कारो का प्रभाव आपके सपूर्ण परिवार पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। आपके संस्कारो से ही आपकी बड़ी लड़की श्रीमती राजू देवी त्याग-तपस्या और सेवाभावना, गरीबो की सेवा आदि मे निरन्तर आगे बढ रही है। सबसे छोटी लड़की डॉ शशिकला ने 28 जनवरी 2007 को हुक्मगच्छीय (नवम् पट्टधर) साधुमार्गी जैन सघ के नवम् पट्टधर आचार्यश्री रामेश से खिड़किया (म प्र) में दीक्षा ग्रहण कर विदुषी महासती प्रणतप्रज्ञा के नाम से नानेश-रामेश की बगिया को महका रही है।

आपकी "वीणा" के तार तार-तार हो जाने पर (पुत्री डॉ वीणा छाजेड के स्वर्गवास होने के बाद) आपने भी उस मनहूस दिन की उस घटना से जूझने के लिए मन मे कुछ और ही ठान ली तथा ससार नश्वर लगने लगा। दीक्षा लेने के लिए अपने पतिदेव को दीक्षा की आज्ञा प्रदान हेतु कहा। पतिदेव ने भी राह में रोड़ा न अटकाते हुए अगर कोई अपना कल्याण करता है तो क्यो रूकावट पैदा की जावे। ससार सागर से तो

गुण और दोष के उत्पन्न होने का कारण भाव ही है।

अपनी करणी पार उतरनी है तो फिर क्या सोचना। आज्ञा मिल गई। अपनी बच्चियों से जब दीक्षा लेने की भावना बताई। देखते ही देखते दिनाक 28 जनवरी 2007 को वह दिन आ गया और हसते-हसते सबने आपको दीक्षा की सहर्ष आज्ञा दे दी। और इसी दिन अपनी छोटी लड़की के साथ ही दीक्षा ग्रहण करली।

आपकी तपस्या, सेवाभाव, शासननिष्ठा, सघ एव सघपति/आचार्यश्री पर पूर्ण श्रद्धा विश्वास एव समर्पणा दिन प्रतिदिन बढती जावे एव निरोग रहकर शासन सेवा करते हुए सघ को ऊँचाइयों पर ले जाते हुए सयम मे दृढ से दृढतम बन सलेखना सथारा सहित पण्डित मरण को प्राप्त करे। यही हमारी अरिहत, सिद्ध भगवन्तो सुदेव, सुगुरु जिनशासन देव से यही प्रार्थना, मगलकामना एव अभीप्सा है।

–कमल बैद, मुम्बई एवं
डॉ प्रदीप कटारिया
एम बी बी एस , एम डी
चेस्ट एव टी बी विशेषज्ञ, भीलवाड़ा

तपस्विनी सेवाभाविनी

श्रीमती राजू देवी बैद

(गौरेगाव-मुम्बई)

आपका जन्म श्रेष्ठिवर्य श्रीयुत् सूरजमल जी छाजेड़ रासीसर (हाल गगाशहर-बीकानेर) निवासी की धर्मपत्नी धर्मशीला श्रीमती धन्नीदेवी छाजेड़ की रत्न कुक्षि से प्रथम पुत्री रत्न रूप में हुआ। आपका शैशवकाल ननिहाल दिनहटा (कूचविहार) मे नानाजी स्व श्री छगनमल जी साहेब (नेताजी) एव नानीजी श्रीमती सुरजादेवी जी की गोदी मे बड़े लाड़-प्यार से बीता। फिर कुछ दिन रासीसर में दादाजी श्रेष्ठिवर्य श्री मगलचद जी एव दादीजी श्रीमती पानीदेवी की गोदी मे एव रासीसर के आगन मे किलकारिया का गूजन गटर-गूं करना, हाथ पैर चलाना आदि सीखा। फिर कुछ दिनो बाद अपने ननिहाल दिनहटा चली गई। वहीं पर धार्मिक सस्कारो मे पली तथा प्रारम्भिक विद्याभ्यास किया। चचल एव फुर्तीली होने के कारण ननिहाल मे बागान के पेड़ो पर कब जा छुपती थी, पता ही नहीं चलता और वे लोग इधर-उधर ढूढते रहते। इतनी सुकोमल शरीर वाली लचीली होने के कारण सभी ने उसका नाम किशमिश रखा। प्राथमिक शिक्षा के दरम्यान ही आपके ननिहाल में साध्वीजी श्री सोहना श्री जी म सा का चातुर्मास हुआ। आप में धर्म की ऐसी लगन लगी कि नमस्कार मत्र, अर्हत् प्रार्थना, तिक्खुतो, सामायिक पाटियो का अभ्यास आदि करने

लगी। उसी के साथ तपस्या की भी लगन लग गई और मात्र 8 वर्ष की उम्र में प्रथम अठाई की तपश्चर्या की।

रासीसर छोडकर माता-पिता जब गगाशहर आये तो आपको भी गगाशहर ले आये और यहॉ शिक्षा प्रारम्भ हुई। हाई स्कूल करने के बाद ग्यारहवीं मे प्रवेश लिया। पढाई मे विशेष रुचि न होने के कारण स्कूल जाना बद कर दिया। परिवारजनो को तपस्या करते एव सामायिक धर्मध्यान करते देख आप भी धर्म-ध्यान मे मन लगाती।

आपका विवाह श्रेष्ठिवर्य तोलाराम जी साहेब बैद, गगाशहर के द्वितीय पुत्र श्री कमलचन्द जी बैद के साथ हुआ। आपकी किस्मत की सराहना करे या कर्मों की या फिर बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति सस्कारो की कि आपको ससुराल पक्ष भी धार्मिक सस्कारों से ओतप्रोत मिला। आपके ससुरजी देवता तुल्य तो सासुजी देवी से भी बढकर है। तपस्याओ और धार्मिक प्रवृत्तियों का तो आपके ससुराल में ऐसे ठाठ-बाट है कि लोग तो दूर सत-सतिया जी महाराज भी आपके परिवार की तपस्या की बड़ाई करते नहीं अघाते है। आश्चर्य होता है जब आपके बैद परिवार में एक ही चातुर्मास मे 8-10 मासखमण की तपस्या देख। सुगुरु, सुदेव, सुधर्म पर जिन्हे श्रद्धा भक्ति और समर्पणा है वहाँ सब कुछ सम्भव है। यह आपके परिवार ने सिद्ध कर बता दिया है। आपका सम्पूर्ण परिवार धार्मिक सस्कारो से ओत-प्रोत है।

सम्यक् दर्शन से आत्मा ही सम्यक्त्व है।

आपने इससे पहले भी 1 से लेकर 15 की तपस्या पूर्ण कर रखी है तथा एक मासखमण की तपस्या तथा सावन-भादवा एकान्तर तप कई सालो तक इसके साथ बेला, तेला तो चलता ही रहता है। प्रथम मासखमण की तपस्या में 21-22 की तपस्या तक तो किसी को पता ही नहीं लगने दिया कि तपस्या चल रही है। घर का पूरा काम करते हुए धर्मध्यान, तपस्याए की। 22-23वे दिन गगाशहर आई। धर्मध्यान का ठाठ लग गया। उधर आचार्य महाप्रज्ञ श्री जी का चातुर्मास तो इधर बैद परिवार मे मासखमणो की झडी लगा दी।

इस बार के मासखमण की तपस्या में सासुजी ने अपना स्वास्थ्य अनुकूल न चलते हुए भी वह सेवा बजाई कि दिन रात एक कर दिया। सेवा मे कोई कमी नहीं रखी। पूरे परिवार ने दिन रात सेवा की। इधर आपके पतिदेव कमलचन्द जी क्यो पीछे रहते, उन्होने भी अपनी तरफ से कोई कमी नहीं रखी। तन-मन-धन से किसी बात की कमी नहीं रहने दी।

आपने तपस्या मे लेन-देन को बढावा न देते हुए धर्मध्यान की ओर ज्यादा लगाव को महत्त्व दिया।

आपकी ससारपक्षीय मातुश्री श्री धन्नी देवी एव बहिन डॉ शशिकला छाजेड़, एम ए, पीएच डी ने गृहस्थी मे रहते हुए आपकी पूर्व की तपस्याओं मे पूर्ण सहयोग दिया। अब वे हुक्मगच्छीय साधुमार्गी जैन सघ के श्री श्री 1008 पूज्य आचार्य श्री रामेश के सानिध्य मे दिनाक 28 जनवरी 2007 को खिडकिया (म प्र) मे भागवती दीक्षा अगीकार ग्रहण कर

वतेमान में वे विदुषी महासती धन्य श्री जी म सा एव वि अभि महासती प्रणत प्रज्ञा श्री जी म सा के नाम से नानेश-रामेश की धर्म बगिया को महका रही है।

आपकी त्याग-तपस्या, धर्म-ध्यान, सेवा भाव, शासन निष्ठा उत्तरोत्तर दिन प्रतिदिन बढती जावे एव निरोग रहकर शासन सेवा करती रहे, यही सुदेव से मगल प्रार्थना एव अभीप्सा है।

–डॉ. प्रदीप–चन्द्रा कटारिया, भीलवाड़ा
एव महेन्द्र छाजेड, रासीसर

हार्दिक क्षमायाचना

जीवन पानी के बुलबुले के समान है। श्वास कब निकल जाये पता नहीं। इसलिए मै **सूरजमल छाजेड (रासीसर)** हाथ जोड़, मान मोड़ 4 गति 84 लाख जीव योनियों से क्षमाते हुए आगम रहस्यज्ञाता, व्यसन मुक्ति प्रणेता आचार्य भगवन् श्री श्री 1008 रामलाल जी म सा एव उनके आज्ञानुवर्ती सर्व सन्त मुनिराज एव सर्व विदुषी महासतियॉ जी म सा के पावन चरणो में शत्-शत् वन्दन बार खतमखामणा करते हुए चतुर्विध सघ एव समस्त प्राणियो से खमतखामणा करता हूँ। मेरी भूलो पीड़ाओ के लिए सहृदय क्षमा करे।

हिसा और परिग्रह का त्याग ही वस्तुत भाव प्रव्रज्या है।

सम्पादकीय

आगम-शास्त्रो मे सगीत 1 काव्य स्वर 2 विज्ञान के बारे मे व्यवस्थित सामग्री प्राप्त होती है। गायन के उत्पत्ति स्थल उसके आकार, गुण-दोष, वर्ण, भाषा, वर्ण तथा स्वर तान आदि पर सुन्दर प्रकाश डाला गया है।

काव्य के चार प्रकार बताये गये है-1 गद्यकाव्य, 2 पद्यकाव्य, 3 कथ्य काव्य एव, 4 गेय-काव्य।

गद्य हो चाहे पद्य अथवा कथ्य हो या गेय सभी विधाओ मे की गई रचनाए वीतरागता की ओर अग्रसर करने वाली होनी चाहिए, यह जैन दर्शन का मूल उद्देश्य है। साधक की राग, राग के लिए नहीं वीतरागता के लिए हो। दर्शन- प्रभावना के लिए आगमानूकुल कविताओ की रचना करने का हमे निर्देश प्राप्त होता है। वह भी इसीलिए कि व्यक्ति वीतरागता की ओर बढे।

मुनि कपिल को केवलज्ञान होने के बाद वे राजगृही के घने जगलो मे विचरण करते हुए पधारे। जहा बलभद्र प्रमुख पाच सौ चोरो ने उन्हे घेर लिया। बलभद्र कपिल केवली से कहता है-क्या नाचना आता हे ? कपिल-हा। बलभद्र-नाचो। कपिल- हम नाच नहीं सकते यह हमारा कल्प नहीं हे। बलभद्र क्या गायन आता है ? कपिल-हॉ। बलभद्र-गाकर बताओ। कपिल केवली ने प्रतिबोध को योग्य समझ कर धुवक राग में गायन प्रारम्भ किया। कपिल केवली द्वारा तत्कालीन जन-भाषा प्राकृत मे दिया गया गये-उपदेश पाच सो चोरो के अतर को झकझोर गया। वे प्रतिबुद्ध हो अणगार बन गये तथा आत्म

जो दभी है, वह श्रमण नहीं हो सकता।

कल्याण कर सिद्ध बुद्ध हो गये।

गायन मे कितनी बडी शक्ति है। गायन अन्तर को स्पन्दित कर सोचने को विवश कर देता है। अचेतन भाषा मे सचेतन आत्मा को आन्दोलित करने की गजब की क्षमता हे।

1 ठाण अ 4 उ 4

2 ठाण अ 7 उ 1

3 ठाण अ 4 उ 4

4 जो उत्तराध्ययन के आठवे अध्ययन मे सकलित है।

जिस प्रकार इलेक्ट्रोमेगनेटिक तरगो की शक्ति से अतरिक्ष मे भेजे गये राकेट की उडान को धरती पर से ही नियत्रित कर सकते है। उनकी यात्रिक खराबी दूर कर सकते है। लेजर किरणो की शक्ति से मोटी लोहे की चद्दरो मे छेद कर सकते है, उसी प्रकार गायन, सगीत, छन्दो की निकली तरगो से आत्मा पर आच्छादित कर्म को क्षय किया जा सकता है, आत्मा को नियत्रित किया जा सकता है।

आत्म नियत्रण के महत् उद्देश्य से ही प्रस्तुत पुस्तक मे प्राचीन अर्वाचीन, ढाल सगीत एव कविताओ का आकलन किया गया है। आस्थाशील धार्मिक क्षेत्र मे जिन पद्यो का महिलाए एव पुरुष श्रद्धा से पठन-गायन करते है, उनका एक पुस्तक मे सकलन दुर्लभता से मिलता है। मेरी इच्छा हुई कि इन सभी पद्यो का एक पुस्तक के रूप में सकलन हो। इस इच्छा-पूर्ति हेतु विभिन्न पुस्तको का प्रतिलेखन किया। शुद्ध प्रतियों का अभाव सदा खटकता रहा, फिर भी अधिकतम शुद्ध प्रतियो के आधार पर जो सकलन तैयार किया उसकी निष्पति

असंयम मे निवृत्ति और सयम में प्रवृत्ति करनी चाहिए।

मधु-घट के रूप मे प्रस्तुत है।

अक्षय-तृतीया के शुभ अवसर पर प्रस्तुत पुस्तक का प्रकाशन होने से अक्षय-तृतीया के महत्व पर प्रकाश डालने वाला आचार्य श्री नानेश का प्रवचन एव वर्षीतप की विधि पत्र भी नत्थी कर दिया गया है ताकि तपस्वी इससे लाभ उठा सके।

कविरत्न विद्वान श्री गौतम मुनि जी म सा की शिक्षा के क्षेत्र मे प्रदत्त प्रेरणाए मेरे सबल को अभिवर्धित करती रही है। उन्हीं के आशीर्वाद से सकलन, सपादन एव लेखन के क्षेत्र मे मै पाव रखने का साहस कर पाई हूँ।

विदुषी साध्वी वर्य श्री सबोधि श्री जी म सा का सकलन सहकार, विद्वद्वर्य श्री प्रशम मुनि जी म सा का सशोधन-सहकार तथा उत्साही कार्यकर्त्ता श्री कमलचन्द जी बैद का पुस्तक प्रकाशन सम्बन्धी दायित्व का कुशलता से निर्वहन सदा स्मृति-पटल पर रहेगा।

सभी ज्ञात अज्ञात सहयोगियो का हृदय से आभार व्यक्त करना मेरा नैतिक दायित्व हे जिससे मे विमुख नहीं हो सकती।

प्रस्तुत मधु घट से पाठक यत्किंचित् भी मधु-पान कर पाये तो मै अपने परिश्रम को सार्थक समझूगी। प्रमादजन्य त्रुटियॉ सदैव उपेक्षणीय रही हे ओर पाठको से यही अपेक्षा हे।

– डॉ. शशि छाजेड़, एम ए , पीएच डी
गंगाशहर (बीकानेर)

क्रोध को जीत लेने से क्षमाभाव जागृत होता है।

प्रकाशकीय

विघ्न हरण मगल करण, गुरु नाना-राम रो नाम।
भक्ति भाव श्रद्धा से सुमिरन करो, सूरज सरे सब काम॥

मधु घट का जब प्रथम सस्करण प्रकाशित हुआ तब सारा कार्य सकलन, सपादन डॉ शशिकला छाजेड, एम ए (हिन्दी) (दर्शन), पीएच डी द्वारा किया गया एव उनकी मातुश्री धन्नी देवी छाजेड़ के द्वितीय वर्षीतप के पारणे पर वितरित की गई। जब यह मधु घट धर्मप्रेमी एव तपस्या वालो के हाथ मे गई तो इसकी सामग्री से सभी लाभान्वित हुए। पुरानी ढाले, भजन आदि सहजता से जो नहीं मिल पाते, उन्हे सहज ही उपलब्ध हो गए। पुरानी ढालो/भजनो की राग बिना किसी वाद्ययत्र के गले से ही इतनी मधुर होती थी कि सुनने वाला एव गाने वाला तल्लीन हो जाता था तथा पुरानो मे वही राग जमी हुई थी। वैसे तो बहुत सारी किताबो में भजन, तान, चौबीसी आदि मिल जाती है लेकिन जो पुरानी थी वह कम मिल पाती थी। इस मधु घट मे काफी कुछ वह सामग्री मिली। श्रावक-श्राविकागण वर्षीतप तो करते लेकिन कब से प्रारम्भ करना, कब पारणा करना, वर्षीतप की तपस्या की कार्यप्रणाली क्या विधि होती है उसका ज्ञान नहीं था। इसमे वह सब दिया गया है। प्रथम सस्करण लगभग समाप्त हो गया। लम्बे समय से कई जगहो से इसकी माग आ रही थी। मुझे कई जगहो से मधु घट की माग के पत्र मिले।

द्वितीय सस्करण प्रकाशित करने हेतु कुछ सशोधन, परिवर्द्धित कर मधु घट मे कुछ ऐसी सामग्री ढाले, स्तवन, भजन दी जाए तो तपस्या के समय गाया जा सके तथा जिसकी राग

सरल व सुरीली हो। नवीन सस्करण मे सामायिक की पाटिया, पच्चक्खान लेने, पारने की विधि, पौषध व्रत लेने, पारने की विधि तथा आलोयणा को भी जोडा है।

जिन्होने प्रथम सस्करण मे सकलन सपादन किया वे तो 28 जनवरी 2007 को सासारिकता से अलग होकर दीक्षा लेकर वि अभि महासती प्रणतप्रज्ञा जी बन गये। अब नये रूप का जिम्मा प्रकाशक पर छोड़ गये। काफी कुछ सोच-विचार करने के बाद अब यह नये सशोधित सवर्धित सस्करण तैयार कर आपके सेवार्थ पेश की जा रही है। यह कहाँ तक उपयोगी एव तपस्या आदि के भजन, तान, लोवडी के लिए काम मे आने वाला होगा, आपके हाथो मे आने पर आप ही इसका निर्णय कर बता पायेगे।

यह पुस्तक प्रकाशित करते हुए हमें अत्यन्त प्रसन्नता एव सतोष का अनुभव हो रहा है। हम निवेदन करते है कि पाठकगण इस पुस्तक को नियमित पढे, स्वाध्याय करें ओर जीवन में उतारने का प्रयत्न करे, तब ही हम हमारा श्रम सार्थक समझेगे।

इसको तैयार कर नया रूप देने मे जिन्होने अपना अमूल्य समय दिया हे, उनका मे ऋणी एव आभारी हूँ तथा उनको अनेकानेक धन्यवाद देता हूँ, जिन्होने इसे उपयोगी बनाने मे अथक परिश्रम कर इसे तैयार करने मे मेरी सहायता की, उनका तहेदिल से प्रशसा करता हूँ। वे प्रशसा के पात्र है। प्रमादजन्य एव भूलवश त्रुटिया सदैव उपेक्षणीय रही है, इसलिए पाठकगण इस भूल चूक के लिए मुझे क्षमा करे।

मंगलचन्द सूरजमल छाजेड़ (रासीसर)

चौपड़ा स्कूल के पास, नई लाईन (दक्षिण की तरफ) गगाशहर- (बीकानेर)

प्रवासी महावीर इन्टरप्राइजेज, द्वितीय तल, 4474 गली राजा पटनामल, पहाड़ी धीरज, दिल्ली-110006

कृत कर्मो का फल भोगे विना छुटकारा नहीं हे।

विषय सूची

विषय *पृष्ठ सं*

भाग–1

भाग–2

भाग–3

भाग–4

धर्म में श्रद्धा होना परम दुर्लभ है।

बुद्धिमान ज्ञान प्राप्त कर नम्र हो जाता है।

गुरुजनों के अनुशासन से क्षुब्ध नहीं होना चाहिए।

धर्म का मूल विनय है, और मोक्ष उसका अन्तिम फल है।

***

कर्ज छोटा मत समझो—कर्ज, शत्रु, बीमारी।

तपस्या री मटकी

हो हो रे-म्हारी तपस्या री मटकी
ले लो रे - म्हारी तपस्या री मटकी
झेलो रे - म्हारी तपस्या री मटकी
तपसी माखन खा गया, बाकी रह्या लटकी ॥टेर॥

तपसी री सेवा करे देवी और देवता-2
वर्षीतप पूरा कर दिया देखता ही देखता-2
(तपस्या वाला बढ गया रे देखता ही देखता)
तप बिना आत्मा भव भव मे भटकी ॥

तपस्या सू कट जावे पाप काला काला-2
तपस्या सू बढ जावे पुण्य धोला-2
धन्य धन्य धन्नी बाई पाप धूल झटकी ॥

तपस्या सू सोयो आतम देव भट जागे-2
तपस्या सू तन से ओ रोग सब भागे-2
मधु सम मीठी तप गोली ले ओ गटकी ॥

अपने माता-पिता का मन से दिया हुआ
आशीर्वाद जन्म जन्मान्तर तक हमारी रक्षा करता है।

संगठन में शक्ति भारी, यक्ष राक्षस की शक्ति हारी।

अक्षय तृतीया
एक विवेचन
एवं
वर्षीतप करने की विधि

अक्षय तृतीया एवं वर्षीतप एक विवेचन

आचार्य श्री नानेश

भारतीय सस्कृति मे पर्वो का महत्वपूर्ण स्थान है। पर्व लौकिक हो अथवा लोकोत्तर प्राय उनके पीछे उसका इतिहास अवश्य होता है। वैदिक सस्कृति मे दशहरा, दीपावली, होली, सक्राति आदि मुख्य पर्व है। मुस्लिम लोग ईद को महत्व देते है। ईसाई समाज क्रिसमस डे को श्रद्धा की दृष्टि से देखता है। जैन साहित्य में तीर्थंकरो के पच कल्याण, पर्यूषण महापर्व, अक्षय तृतीया, पाक्षिक दिवस आदि पर्वो का वर्णन मिलता है। सभी पर्व यथास्थान अपना महत्त्व रखते है एव उन पर विवेचन भी किया जा सकता है। किन्तु सभी अन्य पर्वो की विवेचना नहीं करते हुए प्रासगिक पर्व **अक्षय तृतीया** के सदर्भ में ही विचार करना है।

अक्षय तृतीया का प्रसग प्रागेतिहासिक है। इसका चितन हमें सुदूर अतीत मे पहुचा देता है। सरलचेता युगलो का वह काल था। आजीविका के लिये उनको किसी तरह का व्यापारिक प्रपच नहीं करना पडता था। सग्रहवृत्ति का नामोनिशान भी नहीं था। आवश्यकताओ की पूर्ति देवाधिष्ठित कल्पवृक्षो से हो जाया करती थी। पर जब आवश्यकताओ से अधिक ग्रहण करने की अभिलाषाए व्याप्त होने लगी तो ऐसे समय मे कुछ व्यवस्थाए भी की गई जो **कुल** के नाम से प्राख्यात हुई। उस कुल के सचालनकर्त्ता **कुलकर** पद से अलकृत हुए। हकार, मकार और धिक्कार दण्ड विधि का

क्षमा दान ही महादान है, इससे बढकर कोई बडा दान नहीं।

प्रयोग हुआ। किन्तु फिर भी मानव पूर्णतया व्यवस्थित नहीं हो पाया था। ऐसी विकट परिस्थिति में एक महान् युग पुरुष ने कुलकर नाभि के यहाँ मरुदेवी माता की कुक्षि से जन्म लिया। वे किशोरावस्था से ही तत्कालीन प्राणियो की समस्याए दूर करने लगे। उनकी कार्यपद्धति से नाभिराय प्रसन्न हो गये और उन्होने समस्याओ के समाधान का सारा उत्तरदायित्व उस युग पुरुष के सशक्त कधो पर डाल दिया। वे युग पुरुष ओर कोई नहीं, इसी अवसर्पिणी काल के आदि तीर्थंकर ऋषभ थे जो आदि युग पुरुष के नाम से भी अभिहित है। पिता द्वारा दिये गये उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए आपने मानव को आजीविका के लिए असि, मसि एव कृषि का पाठ पढाया। पुरुषो के लिए 72 एव स्त्रियो के लिए 64 कलाओ का निर्देश दिया। कार्य क्षमता के अनुसार वर्णव्यवस्था की। इस प्रकार मानवो की समस्त समस्याओ को समाहित कर जनता को आध्यात्मिकता का शिक्षण देने तथा स्वय की आत्मा के ऊर्ध्वारोहण हेतु सम्पूर्ण व्यवस्थाए ज्येष्ठ पुत्र भरत को सौपते हुए निर्ग्रन्थ प्रव्रज्या ग्रहण कर आध्यात्मिक साधना में सलग्न हुए।

निर्ग्रन्थ प्रव्रज्या अगीकार करते समय प्रभु ने निर्जल षष्टम तप स्वीकार किया था। षष्टम तप की सपूर्ति पर भिक्षाचरी हेतु गृहस्थ के घर मे प्रवेश करने पर भी लाभान्तर कर्मोदय से निर्दोष भिक्षा का अभाव ही रहा। जनता जनार्दन की प्रभु में अटूट श्रद्धा थी पर निर्दोष भिक्षा विधि से अज्ञात होने पर लोग प्रभु को हाथी, घोड़े, हीरे, जवाहरात आदि विभिन्न

विना विचारे जो करे, सो पाछे पछताय।

अवधि एक वर्ष से अधिक हो गयी। ऐसा 'एक वर्ष जगाम' शब्दो से स्पष्ट होता है। इसी से मिलता जुलता दिगम्बर परम्पराओ के हरिवश पुराण में वर्णन मिलता है। उन दोनो ग्रन्थो का उल्लेख करते हुए जैन धर्म का मौलिक इतिहास भाग 2 मे लिखा गया है कि इन उल्लेखो से यह सिद्ध होता है कि प्रभु ऋषभदेव का प्रथम तप एक वर्ष से अधिक समय का रहा पर व्यवहार मे ऊपर के दिनो को गौण मानकर इसे वर्षीतप ही कहा गया है तथा जिस प्रकार 20 वर्ष से कुछ माह कम की आयु वाले के लिए पूछा जाय कि यह कितने वर्ष का है तो उसका उत्तर व्यवहार दृष्टि से यही आता है कि यह व्यक्ति 20 वर्ष का है एवं पाच माह का चातुर्मास होने पर भी व्यवहार मे उसे चातुर्मास (यानी चार मास) ही कहा जाता है। पचमास नहीं कहा जाता। उसी प्रकार व्यवहार नय से प्रभु ऋषभदेव का पारणा भी एक सवत्सर से वैशाख शुक्ला तृतीया को होने का आगम सम्मत है। आगम पाठ का अर्थ करते हुए नय एव निक्षेप का ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक है। यदि नय और निक्षेप का ध्यान नहीं रखा जाये तो अर्थ का अनर्थ भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त यह तो प्राय सभी स्वीकार करते है कि प्रभु का पारणा जिस दिन हुआ वह दिन अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसके उदाहरण प्रस्तुत किये जा रहे है। यथा -

श्री रतनलाल डोसी, सैलाना वाले इस विषय में लिखते है कि - इस अवसर्पिणी के आदि महाश्रमण श्री ऋषभदेव जी ने दीक्षा लेने के एक वर्ष के बाद पहली बार इक्षुरस का पान किया। बेले के तप के साथ चेत्र कृष्णा अष्टमी

तथा युग सवत्सर भी पाच तरह के प्रतिपादित किये गये है, यथा -

जुग सवच्छरे पच विहेपण्णत्ते तजहा-(1) चदे (2) चदे (3) अभिवडिढय (4) चदे (5) अभिवडिढय-स्था 5/3/20

इस तरह सवत्सर के अलग-अलग भेद बतलाये गये है। दो युग चन्द्र सवत्सर के पश्चात् एक युग अभिवर्द्धित सवत्सर आता है, जो 13 माह का होता है। चन्द्र सवत्सर की दृष्टि से वह 13 माह का होता है और अभिवर्द्धित सवत्सर की अपेक्षा से 12 माह का है। प्रभु का पारणा अक्षय तृतीया के दिन होने से लगभग 400 दिन का अर्थात् 13 माह एव 10 दिन का तप होता है। उसे ऐसे समझना चाहिये अभिवर्द्धित सवत्सर की अपेक्षा से 13 माह एव प्रधानेन व्यपदेशा भवन्ति न्याय से माह के ऊपर के दिनों को नगण्य मानकर प्रधान रूप से प्रभु का पारणा एक सवत्सर से होने का विधान किया गया है। कल्प किरणावली पत्र के उल्लेख से भी इसकी पुष्टि होती है। यथा शुद्धाहारमलभमानस्य एक वर्ष जगाम तदा च तस्मिन् कमणि क्षयाय उन्मुखे सति ततस्तेन भगवान् सावत्सरिक तप पारणक कृत्वान्।

— कल्प किरणावली पत्र 154 (6)

अर्थात् शुद्धाहार न मिलने के कारण प्रभु की तपश्चर्या का एक वर्ष व्यतीत हो गया। फिर उस अतराय कर्म के क्षयार्थ उन्मुख होने पर प्रभु ने सावत्सरिक तप का पारणा किया।

उक्त ग्रन्थ मे भगवान् को शुद्धाहार नहीं मिलने की

इन उदाहरणो से यह तो भलीभाति स्पष्ट हो जाता है कि भगवान का पारणा जिस दिन हुआ, वह दिन अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध हुआ। अब भी यदि कोई यही आग्रह करता रहे कि भगवान ने चैत्र वदी अष्टमी को दीक्षा ग्रहण की थी और सवत्सर चैत्र कृष्णा अष्टमी को ही पूर्ण होता है, अत भगवान का पारणा चैत्र कृष्णा अष्टमी को ही हुआ। किन्तु यह मानना युक्ति-सगत प्रतीत नहीं होता कल्पना मात्र ही हो सकता है। क्योंकि भगवान का पारणा जिस दिन हुआ था वह अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध हुआ था। यदि अष्टमी को पारणा होता तो वह दिन अक्षय तृतीया न होकर अक्षय अष्टमी के नाम से प्रसिद्ध होता, पर ऐसा कहीं पर भी उल्लेख उपलब्ध नहीं है। अत भगवान का पारणा अक्षय तृतीया को ही हुआ, ऐसा मानना आगम सम्मत ही है।

भगवान ऋषभदेव की तपस्या को लक्ष्य मे रखकर अनेक भव्य प्राणी भी अपनी क्षमतानुसार तप करते है। वे लगातार वर्ष भर अनशन तप करने में सक्षम नहीं होने से एकातर (एक दिन का अनशन एव एक दिन आहार) तप अवधि को दो वर्ष मे पूर्ण करते है, जिसे वर्षीतप कहा जाता है। वर्षीतप तो लगातार वर्ष भर अनशन करने से होता है। इसीलिए एकातर को वर्षीतप कहना असत्य है। इस प्रकार की प्ररूपणा सुन कई भद्रिक प्राणी भ्रमित हो जाते है कि इस तप को वर्षीतप कैसे कहा जाय ? किन्तु उन्हे भ्रमित नहीं होना चाहिए। क्योकि आगमो मे उपवास को चउत्थ व दो दिन के उपवास को षष्टम तप आदि से पुकारा गया है। चउत्थ भत्त

की दीक्षा ली थी, जिसका पारणा एक वर्ष बाद हुआ। प्रभु के पारणे से मनुष्यो और देवो में प्रसन्नता छा गयी। आकाश मे देव-दुदुभि बजने लगी। देवगण अहोदान-महादान का उच्चारण करने लगे। रत्नो की वृष्टि, पाच वर्ण के उत्तम पुष्पो की वृष्टि, मनधोदक की वृष्टि और दस्त्री की वृष्टि इस प्रकार पाच दिव्य प्रकट हुए। इस दान के कारण वह दिन **अक्षय तृतीया** के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

-तीर्थंकर चरित्र, भाग 1, पेज 61

आचार्य श्री मन्नालाल जी स्मृति ग्रन्थ में लिखा गया है कि- जिस दिन भगवान् ने इक्षु रस का पान किया था, वह वैशाख शुक्ला तृतीया का दिन था। उस सुपात्र दान के पुण्य प्रभाव से आगे चलकर **अक्षय तृतीया** के नाम से वह प्रसिद्ध हुआ।

-आचार्य श्री मन्नालाल जी स्मृति ग्रन्थ पृ स 7

अक्षय तृतीया के विषय में श्री देवेन्द्र मुनि जी शास्त्री लिखते है कि-इस प्रकार भगवान् श्री ऋषभदेव को एक सवत्सर के पश्चात् भिक्षा प्राप्त हुई और सर्वप्रथम इक्षुरस का पान करने के कारण वे काश्यप नाम से भी विश्रुत हुए। इसी कल्पना सूत्र में श्री देवेन्द्रमुनि जी ने आगे विवेचन करते हुए प्राचीन ग्रन्थ महावीर चरिय का नामोल्लेख करते हुए अक्षय तृतीया के विषय में लिखा है कि प्रस्तुत अवसर्पिणी काल मे सर्वप्रथम वैशाख शुक्ला तृतीया को श्रेयास ने **इक्षु-रस** का दान किया। अत वह तृतीया **इक्षु-तृतीया** या अक्षय तृतीया के रूप मे प्रसिद्ध हुई। उस महान् दान से तिथि भी अक्षय हो गई।

एक पल का क्रोध जीवन को बिगाड सकता है।

निमित्त से किया जा सकता है। ऐसे अनेक उदाहरण विद्यमान है जिनका उल्लेख नहीं है फिर भी परम्परा से स्वीकार्य है। उदाहरण के तौर पर कुछ उल्लेख किये जा रहे है।

किसी श्रावक ने तेले से ऊपर अनशन तप किया हो। ऐसा स्पष्ट आगम मे उल्लेख नहीं मिलता तथापि तपश्चर्या व आध्यात्मिक साधना में सहायक होने से श्रावक वर्ग को इसका उपदेश भी दिया जाता है और प्रत्याख्यान भी करवाये जाते है।

इसके अतिरिक्त श्रावक के सामायिक का काल निर्धारण 48 मिनट आगम मे नहीं मिलता।

द्वितीया, पचमी एव एकादशी को महत्त्व देकर त्याग-तपस्या करने का विधान भी शास्त्रो मे दृष्टिगोचर नहीं होता।

प्रतिक्रमण में लोगस्स के ध्यान का विधान आगम मे है किन्तु कितने लोगस्स का ध्यान करना इसका विधान नहीं है। फिर भी इनकी परम्परा को मान्य किया जाता है। आगम से अतिरिक्त परम्परा से आगत आध्यात्मिक साधना में सहयोगी विधानो को स्वीकार नहीं करने पर यह तर्क उपस्थित हो सकता है कि तेले से अधिक निर्मल तपस्या करने वाला श्रावक आराधक होगा या विराधक ? साथ ही उसको उक्त प्रत्याख्यान कराने वाले महात्मा की क्या दशा होगी ? आदि।

उक्त तर्क के उत्तर में सभी को परम्परा का अवलम्बन लेना ही होगा। यही नहीं, प्राय सभी जैन सम्प्रदाय परम्परा के अवलम्बन से ही चलते है। परम्परा के आधार बिना उपदेश देना भी असभव ही होगा अत एकात रूप से आगम का नाम लेकर आत्म-शुद्धि के लिये किसी भी तिथि के निमित्त से की

का शाब्दिक भावार्थ चार समय के आहार का त्याग होता है। यदि यही व्याख्या की गयी तो आगम से विरोध आना स्वाभाविक है क्योकि आगम में उल्लेख आता है कि प्रथम प्रहर स्वाध्याय, दूसरे प्रहर ध्यान, तीसरे प्रहर भिक्षाचर्या एव चतुर्थ प्रहर पुन स्वाध्याय करना चाहिये। यथा -

पढम पोरिसिसज्झाय, बीय झाण झियाभई।
तइयाए भिक्खायरिय पुणो चउत्थीए सज्झाय॥

—उत्तराध्ययन समाचारी अध्ययन, गाथा 12

इस विधान में दिन के तीसरे प्रहर में एक बार आहार ग्रहण करने का निर्देश है। ऐसी स्थिति में चार समय के आहार का विच्छेद चार दिन में ही सभव हो सकता है। जब कि उपवास एक अहोरात्र का होता है। अत चउत्थ, षष्टम् आदि उपवासादि के अभिसज्ञक नाम है। अर्थात् यह रूढ या पारिभाषिक नाम है। इसी तरह चैत्र बदी अष्टमी को एकातर प्रारम्भ कर दो वर्ष की अवधि तक एकातर एव अन्यान्य नियमों का पालन करते हुए दो वर्ष के पश्चात् आने वाली अक्षय तृतीया को एकातर तप पूर्ण करना वर्षीतप कहलाता है। यह वर्षीतप उक्त तप का सज्ञावाचक रूढ नाम है जैसा कि आगमो मे तपस्या के रत्नावली, कनकावली आदि सज्ञावाचक नाम आते है।

यदि यह कहा जाय कि वर्षीतप के रूप में आगम में तप का उल्लेख नहीं है, इसीलिए जो आगम मे है उसे ही मान्य किया जा सकता है, विशुद्ध परम्परा को नहीं तो यह प्ररूपणा भी मिथ्या है। आगम मे तप का वर्णन आता है। वह किसी भी

है, मगलपाठ सुना दीजिये। उसके निवेदन पर सत उसे मगल पाठ श्रवण कराते है। मंगल पाठ श्रवण कराने मात्र से सन्तो ने उसको अठाई या मासखमण का पारणा करवाया कहा जायेगा ? नहीं, ऐसा नहीं कहा जा सकता है। यदि ऐसा कहा जाय तो सभी सन्त तपस्या का पारणा कराने वाले सिद्ध होगे, क्योकि ऐसे प्रसगो पर मगल पाठ सभी सुनाते है। ठीक इसी तरह अक्षय तृतीया के प्रसग पर वर्षीतप के तपस्वी, सन्तो से मगल पाठ श्रवण करते है। सतो का मगल पाठ श्रवण कराने के अतिरिक्त और कोई सम्बन्ध नहीं रहता, अत वर्षीतप का पारणा सन्त कराते है, यह कथन करना अज्ञानता का ही प्रतीक हे। हॉ, यदि सन्त निमत्रण देकर बुलवाते हो, उनके आवास-निवास आदि रखते हो, उसमे भाग लेते हो, सामने खडे रहकर पारणा करवाते हो तो यह सर्वथा गलत है। सन्तो को इस प्रपच में नहीं पड़ना चाहिये। उन्हे तटस्थता के साथ आध्यात्मिक ऊर्ध्वारोहण का पथ प्रदर्शन करते रहना चाहिए।

प्रभु ऋषभदेव का पारणा अक्षय तृतीया को हुआ, ऐसा स्थानकवासी सम्प्रदाय 18-19 वर्ष से ही मानता हो, यह कहना भी योग्य नहीं है। ऊपर जो श्री देवेन्द्र मुनि द्वारा सम्पादित कल्प सूत्र का उल्लेख किया गया हे वह 1968 मे प्रकाशित हुआ है। उसे प्रकाशित हुए भी लगभग 28 वर्ष हो गए है। ऐसी स्थिति मे यह कहना कि स्थानकवासी परम्परा मे 18-19 वर्ष से ही यह मान्यता प्रचलित हे, नितात असत्य हे। 32 आगमो के अनुवादक आचार्य पूज्य श्री अमोलक ऋषि जी म सा ने भी अपनी अक्षय-तृतीया नामक पुस्तक में वर्षीतप का

मन से प्रभु के चरणो के समीप रहना ही सच्चा उपवास है।

जाने वाली तपस्या का निषेध करना आत्म-शुद्धि मे बाधक बनना है। तथा प्रकारान्तर से आगम-प्ररूपित द्वादश विध तपस्या का विरोध करना है।

उक्त आगम सम्मत युक्तियो एव परम्पराओ के कथन से हस्तामलक की तरह अक्षय तृतीया को प्रभु ऋषभदेव का पारणा होना एव उस निमित्त से तपस्या करना आगम सम्मत सिद्ध हो जाता है। अक्षय तृतीया या वर्षीतप की प्ररूपणा किसी एक सम्प्रदाय विशेष ने ही प्रारम्भ की हो, ऐसा नहीं है। इसका समाधान पूर्व पक्तियो में हो चुका है। कभी-कभी यह चर्चा भी चलती है कि सतो को पारणा चाहिये या तपस्या का प्रत्याख्यान करवाना चाहिये ?

उक्त चर्चा का मुख्य कारण विवेक बुद्धि का अभाव अथवा नासमझी ही है क्योकि सत किसी भी श्रावक को पारणा नहीं करवा सकते, यह उनकी मर्यादा है। इस मर्यादा का जिनको ध्यान है तथा जिन्हे सतो पर श्रद्धा है वे कभी भी इस प्रकार की चर्चा नहीं कर सकते। पर जिनको साधु मर्यादाओ का पूर्ण विवेक नहीं है, ऐसे व्यक्ति सुनी-सुनायी बातो को लेकर भ्रमित हो जाते है। जैसे कहीं से उन्होने सुन लिया कि अक्षय तृतीया पर सत वर्षीतप का पारणा करवाते है, आदि। इस बात का श्रवण कर अनभिज्ञ अथवा अविवेकी व्यक्ति सोच बैठता है, किधर ! सत पारणा करवाते है। परन्तु यह वस्तुस्थिति नहीं है। वस्तुस्थिति यह है कि जैसे अठाई अथवा मासखमण की तपस्या वाला तपस्वी पारणे के दिन सतो की सेवा मे पहुच कर उनसे निवेदन करे कि महाराज सा ! आज मुझे पारणा करना

बाधाओ को पार करने के लिए सावधानी रखा जाना ही बुद्धिमानी है। ठीक इसी तरह ईख के छिलके आदि डालने मे विवेक की आवश्यकता है।

किसी स्थान विशेष पर कभी अविवेक हो जाय, उसे लेकर तपस्या मे बाधक बनना अन्तराय कर्म बन्ध का ही प्रसग उपस्थित करना है। जैसे सन्त दर्शन हेतु आने वाली गमनागमन सम्बन्धी आरम्भ जनक क्रिया से सन्तदर्शन आरम्भ जनक एव हिंसा युक्त नहीं होता ? वैसे ही आत्म शुद्धि के लिए की जाने वाली तपश्चर्या के निमित्त सामान्य आरम्भ-समारम्भ होने मात्र से वह तपस्या आरम्भकारी अथवा ससार बढाने वाली नहीं कही जा सकती है।

पवित्र धार्मिक क्रियाओ के निमित्त से होने वाले आरम्भ-समारम्भ से धार्मिक क्रिया अपवित्र नहीं होती। यदि निमित्त मात्र से पवित्र क्रिया ससार वृद्धि की मानी गयी तो तीर्थकरो के दर्शन आदि को भी ससार वृद्धि के कारणभूत मानने का प्रसग आयेगा, जो कि आगम के विरुद्ध है। क्योकि प्रभु के समवसरण मे असख्य योजनो से देवगण आते है। उनके गमनागमन की क्रिया से प्रभु दर्शन को दोष पूर्ण कैसे माना जा सकता है ?

गमनागमन आदि निमित्त से होने वाली हिसा हिसारूप है तथा सन्त दर्शन एव आत्म-शुद्धि हेतु की जाने वाली तपस्या आदि धार्मिक क्रियाए पवित्र होने से निर्जरा की कारणभूत है। अत· आत्म-शुद्धि के लिये की जाने वाली धार्मिक क्रियाओ को सावद्य कहना शास्त्र सम्मत नहीं है।

सूर्य की तरह परोपकार करो किन्तु अभिमान मत करो।

विस्तृत विवेचन किया है। अत अक्षय तृतीया के पारणे की मान्यता स्थानकवासी समाज मे 8-10 वर्षो से ही नहीं, अपितु काफी पुरातन है।

अक्षय तृतीया पर पारणा कराने में आरम्भ होता है अथवा कभी यह भी तर्क दिये जाते है कि ईख का रस निकाला जाता है उसके छिलके इधर-उधर डाल देने से हजारो चिटियो की हिसा होती है, आदि। किन्तु ऐसा तर्क उपस्थित करने वाले महानुभावों को तर्क उपस्थित करने से पूर्व चितन अवश्य कर लेना चाहिए। गृहस्थ के सम्पूर्ण आरम्भ समारम्भ का त्याग नहीं होता उसके आरम्भ सम्भारभ की क्रिया चालू रहती है। अक्षय तृतीया के अतिरिक्त समय मे भी गृहस्थ ईख का एव अन्य हरी वनस्पति आदि का आरम्भ करता है। ईख आरम्भ अक्षय तृतीया पर ही करता हो, यह अनुभव से युक्ति सगत नहीं लगता। चिटियो की हिसा का जहॉ तक प्रश्न है, वह अविवेक के कारण ही सम्भव हो सकती है। अविवेक के कारण गृह में बिना ढक्कन के रखे हुए घृत आदि में भी चिटिया, मक्खिया आदि गिरकर मर जाती है। उतने मात्र से क्या घर मे घृत आदि रखना छोड़ा जा सकता है ? न तो गृहस्थ ही घृत आदि रखना छोड सकते है और न सन्त वर्ग भी घृत आदि ग्रहण करना छोडते है। किसान खेती करता है। कभी अन्य पशु आकर फसल का कुछ हिस्सा खा जाता है। इतने मात्र से क्या किसान खेती करना छोड देता है ? भिखारी के डर से क्या रोटी बनाना छोड सकता है ? नहीं, ऐसा नहीं किया जा सकता। इन

जाना मात्र आडम्बर है। कदाचित् कोई अधिक सख्या में दर्शनार्थ उपस्थित होने मात्र से ही सन्तो की आडम्बरी मानने का मापदण्ड रखते है तो उनके इस मापदण्ड के अनुसार भगवान महावीर एव अन्य सभी तीर्थकर आडम्बरी कहे जायेगे। किन्तु इस प्रकार कहना उत्सूत्र प्ररूपणा की कोटि मे आ सकता है।

दर्शनार्थ उपस्थित होने वाले व्यक्ति अक्षय तृतीया के अतिरिक्त समय भी दर्शनार्थ उपस्थित होते है। अत अक्षय तृतीया पर सन्तों के पास भीड इकट्ठी होती है इसलिए वर्षीतप करना ठीक नहीं है। ऐसा यदि कोई कहता है तो यह भी युक्ति-सगत प्रतीत नही होता। पर्युषण पर्वाराधन के समय एव दीक्षाओ के प्रसंग से अथवा महावीर जयति आदि के अवसर पर भी श्रोताओ की सख्या अधिक हो जाती है तो क्या पर्यूषण पर्व मनाना एव दीक्षा देना बन्द किया जा सकता है।

सन्तगण अक्षय तृतीया पर अमुक क्षेत्र मे विराजने की स्वीकृति देते है इसीलिए दर्शनार्थियो से सबधित हिसा के सन्तजन भी भागीदार होते है, ऐसा सोचना सर्वथा अनुचित है। क्योकि अमुक क्षेत्र में पहुचने की अथवा विराजने की स्वीकृति देना आगम विरूद्ध नहीं है। चित्त श्रावक की विनती एव आग्रह से केशीकुमार श्रमण ने भी स्वीकृति प्रदान की थी।

चित्त श्रावक ने अपनी नगरी का वर्णन करते हुए दो तीन बार श्वेताविका (श्वेताम्बिका) नगरी पधारने की विनती की पर श्री केशीकुमार श्रमण ने उसकी विनती पर विशेष ध्यान नहीं दिया पर जब चित्त श्रावक ने पुन पुन पधारने का आग्रह

उक्त कथन का तात्पर्य यह नही है कि श्रावक आरम्भ एव अविवेक युक्त कार्य करे। श्रावक को प्रत्येक कार्य मे अनासक्त भाव के साथ-साथ विवेक और यतना का ध्यान तो रखना ही चाहिये। यहॉ जो विवेचन किया गया है वह केवल वस्तु तत्त्व को स्पष्ट करने के उद्देश्य से ही किया गया है।

कभी अनभिज्ञ मानस यह भी कह बैठता है कि सन्त आडम्बर करवाते है। किन्तु उन्हे यह ज्ञात नहीं है कि आडम्बर की परिभाषा क्या होती है ? यदि अनुभवी एव चिकित्सा पद्धति के मर्मज्ञ डॉक्टर के पास अधिक मात्रा मे अस्वस्थ व्यक्ति पहुचते है तो क्या वह डॉक्टर आडम्बरी हो गया। नहीं, ऐसा मानना नासमझी ही होगी। उसी प्रकार आध्यात्मिक जगत के अनुभवी, मोक्ष रूपी स्वस्थता का भान कराने वाले सन्तो की सेवा मे जन्म-जरा-मृत्यु रूप रोग से ग्रस्त प्राणी आध्यात्मिक स्वस्थता प्राप्त करने की भावना से अधिक सख्या में पहुच जाय तो वे आध्यात्मिक जगत के अनुभवी सन्त आडम्बरी है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। यदि अज्ञानतावश कोई ऐसी प्ररूपणा करते हो तो उन्हें ध्यान रखना चाहिये कि प्रकारान्तर से वे तीर्थकरो की अवेहलना-आशातना कर रहे है। क्योकि तीर्थकरो के समवसरण मे भी जन्म-जरा-मृत्यु रूप रोग से आक्रान्त अनेक भव्य प्राणी वर्तमान से भी अधिक सख्या मे जन्म-जरा-मृत्यु से छुटकारा पाने हेतु उपस्थित होते थे। इतना ही नहीं, जब राजा महाराजा दर्शनार्थ उपस्थित होते तो चतुरगी सेना (हाथी, घोड़े, रथ और पैदल) सहित पहुचते थे। अत यह नहीं मानना चाहिए कि अधिक सख्या मे उपस्थित हो

तो वर्तमान में वीतराग प्रभु की विशुद्ध परम्परा के प्रतिकूल इन्द्रियों के पोषण करने वाली अनेक प्रवृत्तियाँ चल पड़ी है। प्रवृत्तियो में वे तपस्वी आत्माए, उनकी सताने एव अन्य पारिवारिक जन भी सम्मिलित हो सकते है। वहाँ वीतराग देव के सस्कार मिलने तो दूर रहे अपितु पाँचो इन्द्रियो के आकर्षित करने वाले ऐसे सस्कार पड सकते है जिससे वे निर्ग्रन्थ श्रमण सस्कृति के मूल रूप को भूलकर ससार अभिवर्द्धन के मार्ग को ही मोक्ष-मार्ग समझकर ससार परिभ्रमण की स्थिति बना सकते है। ऐसा होना सुज्ञ श्रावक वर्ग उपयुक्त नही समझते। इत्यादि कई कारणो को मस्तिष्क में रखकर विवेकी श्रावक वर्ग जहाँ भी निर्ग्रन्थ श्रमण सस्कृति के पवित्र सस्कार मिलने का प्रसग होता है वहाँ पहुच जाते है। इसीलिए पारणा कहाँ करना अथवा कहाँ नहीं करना, यह उन्हीं श्रावको पर निर्भर है।

अत उपयुक्त समस्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि वर्षीतप आगम के विरूद्ध नहीं है। आत्म-शुद्धि हेतु अन्यान्य तपो की तरह वर्षीतप भी किया जा सकता है। वर्षीतप केवल एकातर तप ही नहीं है। वर्षीतप करने वालो को निम्नलिखित नियमो का भी पालन करना होता है। यथा -

1 ऋषभदेवाय नम मत्र का रोजाना 2160 बार जाप करना, अर्थात् 20 माला फेरना।
2 उभय काल प्रतिक्रमण करना एव 12 लोगस्स का ध्यान करना।
3 सस्तारक पर शयन करना। खाट, पलग आदि का उपयोग नहीं करना।

चाहे जो मजबूरी हो, सामायिक स्वाध्याय जरूरी हो।

किया तब केशीकुमार श्रमण ने कहा–तुम्हारी श्वेताविका (श्वेताम्बिका) नगरी मे प्रदेशी नाम का राजा है। वह अधार्मिक है, यावत् श्रमण-माहणो का वह सम्यक् प्रकार से सम्मान नहीं करता इसलिए हे चित्त ! मै तुम्हारी उस नगरी मे कैसे आ सकता हूँ ? इस पर चित्त श्रावक ने निवेदन किया, भगवन ! आपको प्रदेशी राजा से क्या करना है। श्वेताविका नगरी में अन्य भी बहुत से सेठ साहूकार, तलदर, सार्थवाह आदि रहते है। वे सब आपका सम्मान करेगे। वन्दन नमस्कार करेगे, यथावत् आपकी पर्युपासना करेंगे। आपको विपुल अश्न-पान-खादिम-स्वादिम् बहराकर प्रतिलाभित होगे। पीठ फलक, शय्या सस्तारक आदि प्रतिहारी वस्तुए भी वे आपको देगे। अत आप श्वेताबिका नगरी अवश्य पधारे। इस प्रकार चित्त श्रावक का आग्रह देख केशीकुमार श्रमण ने स्पष्ट रूप से कहा आवियाइचित ! समोसरिस्सामो (रायपसेणइय सुत्त) अर्थात् हे चित ! यदि ऐसी बात है तो मै श्वेताविका नगरी पहुचूगा। चित श्रावक एव केशीकुमार श्रमण सम्बन्धी मूल पाठ इस प्रकार है -

सेयवियानयरी समोसरहण भन्ते सेयविय नयारे। तएण से केसीकुमार समणे चितेण सारहिणा एव कुत्ते समाणे चितरस सारहिरस एयमट्ठ तो नो आढाइ नो परिजाणाई, तुसिणीय सचिट्ठई। ताएण से चित्त सारहि केसीकुमार समण दोच्च पितच्चपि एव वयासी एव खलु अह भते ! जियसत्तुणा रन्ना पएसिरस रन्नोइम महत्थ जाव विसज्जिए त चेव जाव समोसरहरण भते ! तुब्भे सेयविय नयरि। तएण केसीकुमार समणे चित्तेण सारहिणा दोच्च पितच्च पि एव कुत्ते समाणे चित्त

अक्षय-तृतीया

(तर्ज प्यार करो ऋतु प्यार की आई)

अक्षय तृतीया अक्षय रूप से, रिमझिम करती आई है।
आदिनाथ श्रेयास कवर की, देखो याद दिलाई है॥
ऋषभा ऽऽऽ ऋषभा ऽऽऽ ऋषभा ऽऽऽ ऋषभा ऽऽऽ॥टेर॥
घूम रहे थे बहुत काल से, प्रभु जी भिक्षा पाने को।
कर्मो का कुछ योग बना जो, मिला न कुछ भी खाने को॥
द्वार द्वार पर हीरे पन्ने, धामे लोग लुगाई है॥ ऋषभा
हाथी घोडे वसन और कुछ, रूप षोडशा लाते है।
देख देख कर पुन लौटते, ये क्या प्रभुजी चाहते है॥
धर्म-देव की पुष्प सुकोमल, काया हा ! मुर्झाई है॥ ऋषभा
कल्प वृक्ष मुर्झाया उसका सिचन कर हर्षाया हे।
राजकुमार श्रेयास सौभागी, सपना यह आया है॥
इधर प्रभु को देख हृदय की क्ली-क्ली विकसाई है॥ ऋषभा

तर्ज दिल के अरमा

हे प्रभु ! कुछ दान मुझसे लीजिए।
कर कृपा उत्थान मुझका कीजिए॥ टेर॥
है सरस रस मधुर इक्षु का यहाँ।
दास पर कुछ तो अनुग्रह कीजिए॥
देखकर चहुँ ओर प्रभु ने ज्ञान से।
कर बढा श्रेयास से कहा दीजिए॥

जिधर होगा गुरु का ईशारा, उधर बढ़ेगा कदम हमारा॥

4 सचित्त पदार्थो का त्याग करना। अचित्त की मर्यादा करना।

5 सत-सती विराजते हो तो रोजाना दर्शन करना।

6 नियमित रूप से व्याख्यान श्रवण करना अथवा शास्त्र या सत्साहित्य का स्वाध्याय करना।

7 पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करना।

8 यथाशक्ति नवीन ज्ञानोपार्जन के साथ पुराने ज्ञान की परिभरण करना।

9 सुपात्र दान, अनुकम्पा दान आदि शुभ अनुष्ठान करना।

10 कषायो का शमन करना तथा विनय एव समभाव की आराधना करना।

11 प्रत्येक कार्य विवेक और यत्न पूर्वक सम्पन्न करना।

12 पारणे के दिन रस लोलुपता के त्याग पूर्वक सादा एव सात्विक आहार मौन पूर्वक करना, झूठा नहीं डालना।

वर्षीतप करने की विधि :-

चैत्र कृष्णा अष्टमी से बेला करके वर्षीतप प्रारम्भ कर दूसरी अक्षय तृतीया तक 760 दिनो मे 360 दिन पारणे के एव 400 दिन उपवास के इस तरह वर्षीतप पूर्ण होता है।

तीन चौमासी पक्खी, चतुर्दशी एव पक्खी को तथा बीच की अक्षय तृतीया को पारणा आने पर भी बेले का तप करना चाहिए।

25 एव 26 अप्रेल 1982
नवरगपुरा उपाश्रय, अहमदाबाद

आदिनाथ आदेश्वर म्हारे आंगण आया रे

(तर्ज म्हारे घणा मोल से माणकियो)

ऐ तो आदिनाथ आदेश्वर म्हारे आगण आया रे।
मै तो प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव रा मगल गाया रे।।टेर।।

धर्म कर्म रो मर्म बतायो जन्म मरण री लाय।
स्नेह पाश भयकरा रे जाणिया श्री जिनराय रे।।
विवेक जगायो रे।।1।।

भरत बाहुबल ब्राह्मी सुदर मरुदेवी जो माय।
गद्गद् बोले जनता डोले पूरी अयोध्या माय रे।।
सब छोड ने चाल्या रे।।2।।

ग्राम नगर में भिक्षा लेवा जावे घर घर माय।
अन्न पाणी तो कोय न देवे समझे नही मन माय रे।।
बाबा क्यू आया रे।।3।।

हाथी लावे घोड़ा लावे लावे रथ सिणगार।
कोई कहे कन्या परणो मारी आभूषण तैयार रे।।
रतना सू जड़िया रे।।4।।

विचरत विचरत प्रभुजी आया हथिणापुर रे माय।
अतराय तो छींको वालो टूट गयो तप माय रे।।
एक वर्ष बिताया रे।।5।।

श्रेयास कुवर कहे करो पारणा घड़ा एक सौ आठ।
दान दियो है उलट भाव सू मुनि अगर घय घाटरे।।
अक्षय तीज कहाया रे।।6।।

दे उलट भावों से रस श्रेयास ने।
विनय से अर्जी करी प्रभु पीजिए॥

तर्ज चालू

सबसे पहला दान हुआ, श्रेयास कवर के हाथो से
नगरी भर में खुशिया छाई, दान-दानी की बातो से
देव देवियो ने मिलकर, अहो-दान की भेरी बजाई है॥ ऋषभा
एक लाख पूरब तक प्रभु ने, आर्हत धर्म का प्रचार किया
सघ चतुर्विध स्थापित करके, भव्यो का उद्धार किया
आदिनाथ के स्वागत को 'गौतम' ने आख बिछाई है॥ ऋषभा

आश के दीपक

हे मेरे आश के दीपक
मेरे अन्तर मन के स्याह अधेरे को
निर्मल मन की चान्दनी से भर दे।
हे मेरे आश के दीपक
मेरे अन्तर मन की अतृप्त इच्छाओ को
पावन मन की शान्ति से भर दे।
हे मेरे आश के दीपक
मेरे अन्तर मन पर रीते असह मवाद को
अमर अमृत-औषधि से भर दे।
हे मेरे आश के दीपक
मेरे अन्तर मन में धधकती ज्वाला को
पवित्र नीर की धार से भर दे।

—कमल बैद 'पीयूष'

म्हारी रस सेलड़ी

म्हारी रस सेलड़ी, आदि जिनेश्वर कियो पारणो॥ टेर॥
सुपनो आयो सुन्दरी सरे जहाज आई घर बहार।
भारी वस्त्र पेरिया सरे जाग्या श्रेयास कुमार ॥
घड़ा एक सौ आठ सेलडी रस भरिया है नीका।
उलट भाव से दान दिया है माड लियो छे बूका॥
देव दुन्दुभी बाज रही सरे सोनैया की बरखा।
बारा मास मे कियो पारणो, गई भूख ने तिरसा॥
रिद्ध सिद्ध और मनोकामना, घर घर मगलाचार।
दुनिया हर्ष बधावना सरे कोई आखातीज तिवार॥
हाथ जोड़ ने करु विनती सारो म्हारा काज।
अरजी म्हारी मान लो सरे रिखबदेव महाराज॥

सब पर्वों का ताज संवत्सरी

सब पर्वो का ताज, पुण्य दिन आज,
सवत्सरी आई सबलो हर्ष मनाई॥टेर॥
चौरासी लाख जीव योनि से, जो वैर किया मन-वचन-तन से।
भूलो वह और लो, मैत्री भाव वधाई॥आज सवत्सरी आई ॥1॥
जो जान-बूझकर पाप किया, या अनजाने अतिचार हुवा।
लो दण्ड और दो, मिच्छामि दुक्कड भाई ॥आज सवत्सरी आई ॥2॥
अरिहन्त सिद्ध आचार्यश्री, उपाध्याय मुनि महासतियाजी,
श्रावक-श्राविका इन सबसे लो खमाई॥आज सवत्सरी आई ॥3॥
जो क्षमता और शुद्धि करता, वह प्राणी आराधक बनता।
आराधक की गति होती है सुखदायी॥आज सवत्सरी आई ॥4॥
यह पर्व नित्य नहीं आता है, पाले वो मुक्ति पाता है।
केवल कहते पारस अपना नरमाई॥ आज सवत्सरी आई ॥5॥

सगठन में शक्ति भारी, यक्ष राक्षस की शक्ति हारी।

बोल बोल आदीश्वर व्हाला

बोल बोल आदीश्वर व्हाला, काई थारी मरजी रे।
कि म्हासू मूडे बोल ।।टेर।।

मा मोरा देवी बाट जोवती, इतरे बधाई आई रे।
आज ऋषभ उतरिया बाग में सुण हरखाई रे।। कि ।।

नहाय धोय ने गज असवारी, करी मोरा देवी माता रे।
जाय बाग मे नन्दन निरख्यो, पाई साता रे।। कि ।।

राज छोड़ ने निकल्यो रिखवो, आ लीला अद्‌भूती रे।
चवर छत्र ले और सिहासन, मोहन मूरती रे।। कि ।।

दिन भर बैठी बाट जोवती, कद म्हारो रिखवो आवे रे।
कहती भरत ने आदिनाथ की, खबरा लावे रे।। कि ।।

किस्या देश मे गयो बालेश्वर, तुझ बिन वनीता सूनी रे।
बात कहो दिल खोल लालजी, क्यो बणिया थे मुनी रे।। कि ।।

रह्या मजे मे हुई सुख साता, खूब किया दिल चाया रे।
अब तो बोल आदीश्वर व्हाला, कलपे काया रे।। कि ।।

खैर हुई सो हो गई व्हाला, बात भली नहीं कीनी रे।
गया पछै कागद नहीं दीनो, म्हारी खबरा नहीं लीनी रे।। कि ।।

ओलम्भा मै देऊ कठे तक, पाछो क्यो नहीं बोले रे।
दु ख जननी को देख आदीश्वर, हिवडो डोले रे।। कि ।।

अनित्य भावना भाई रे माता, निज आतम ने तारी रे।
केवल पामी ने मोक्ष सिधाया, ज्याने वन्दना म्हारी रे।। कि ।।

मुक्ति का दरवाजा खोल्या, मोरा देवी माता रे।
काल असख्याता रह्या उघाडा, जम्बू जड गया ताला रे।। कि ।।

साल बहोत्तर तीर्थ ओसिया, गयवर प्रभु गुण गाया रे।
सूरती मोहनी प्रथम जिनद की, प्रणमू पाया रे।। कि ।।

दु ख मुक्त रहना चाहते हो तो स्वय को सदा व्यस्त रखो।

सामायिक सूत्र
प्रत्याख्यान सूत्र
एवं
आनुपूर्वी

4. तस्स उत्तरी का पाठ

तस्स उत्तारीकरणेण, पायच्छित्ताकरणेण, विसोहिकरणेणं, विसल्लीकरणेणं, पावाणं, कम्माण निग्ध यणट्ठाए ठामि काउस्सग्ग। अन्नत्थ ऊससिएण, नीससिएण, खासिएणं, छीएणं जंभाइएणं, उड्डुएण, वायनिसग्गेण, भमलीए, पित्तमुच्छाए, सुहुमेहि अंगसंचालेहि, सुहुमेहि खेलसंचालेहि, सुहुमेहिं दिट्ठिसंचालेहि, एवमाइएहिं आगारेहि, अभग्गो अविराहिओ हुज्ज मे काउस्सगो, जाव अरिहंताण, भगवंताण, णमुक्कारेण, न पारेमि ताव कायं ठाणेणं मोणेण झाणेण अप्पाण वोसिरामि।

5 लोगस्स का पाठ

लोगस्स उज्जोयगरे, धम्मतित्थयरे जिणे।
अरिहंते कित्तइस्सं, चउवीसंपि केवली।।1।।

उसभमजिय च वंदे, संभवमभिण दणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च च्रंदप्पह वदे।।2।।

सुविहि च पुप्फदंतं, सीयलसिज्जंस वासुपुज्जं च।
विमलमणंतं च जिणं, धम्म संति च वंदामि।।3।।

कुथु अर च मल्लिं वंदे, मुणिसुव्वयं नमि जिण च।
वदामि रिट्ठनेमि, पास तह वद्धमाण च।।4।।

एवं मए अभिथुआ, विहूयरयमला पहीण जरमरणा।
चउवीसंपि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयतु।।5।।

कित्तियवंदियमहिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा।
आरुग्गबोहिलाभं, समाहिवरमुत्तम दिंतु।।6।।

समस्त प्राणी सुखपूर्वक जीना चाहते हैं। मरना कोई नही चाहता।

।। श्री वीतरागाय नम ।।

सामायिक सूत्र

1- नमस्कार सूत्र

णमो अरिहताण। णमो सिद्धाण। णमो आयरियाण।
णमो उवज्झायाण। णमो लोए सव्वसाहूणं।
एसो पच णमुक्कारो, सव्वपावप्पणासणो।
मगलाण च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगल।।1।।

2 गुरु वन्दना- तिक्खुत्तो का पाठ

तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिणं (करेमि) वंदामि णमसामि सक्कारेमि सम्माणेमि कल्लाण मगल देवय चेइयं पज्जुवासामि * मत्थएण वन्दामि।

3 इरियावहियं (इच्छाकारेण) का पाठ

इच्छाकारेण सदिसह भगवं ! इरियावहिय पडिक्कामामि, इच्छं इच्छामि पडिक्कमिउ इरियावहियाए विराहणाए, गमणागमणे, पाणक्कमणे, बीयक्कणमणे हरियक्कमणे, ओसा उत्तिग पणग दग मट्टी मक्कडा संताणा सकमणे, जे मे जीवा विराहिया एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, पंचिंदिया, अभिहया, वत्तिया, लेसिया, सघाइया सघट्टिया, परियाविया, किलामिया, उद्दविया, ठाणाओ ठाण सकामिया, जीवियाओ ववरोविया तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

मूर्च्छा को ही वस्तुत. परिग्रह कहा है।

सामाइयस्स अणवट्टियस्स करणया, तस्स मिच्छा मि दुक्कड।

सामाइय सम्म काएण, न फासिय, न पालिय, न तीरिय, न किट्टिय, न सोहियं, न आराहियं, आणाए अणुपालिय न भवइ तस्स मिच्छा मि दुक्कडं।

सामायिक के बत्तीस दोष

मन के दस दोष

अविवेग जसोकित्ती लाभत्थी गव्व भय नियाणत्थी । ससय रोस अविणउ अबहुमाणा ए दोसा भणियव्वा।।कुवयण सहसाकारे, सच्छंद संखोव कलह च। विगहा वि हासोऽसुद्ध, णिरवेक्खो मुणमुणा दोसा दस ।।१

काया के 12 दोष

कुआसणं चलासणं चलदिट्ठी।
सावज्जकिरिया-लबणा कुंचण पसारण।
आलस्स मोडण मल विमासण।
निद्दा वेयावच्च त्ति बारस काय दोसा।।

सामायिक लेने की विधि

सर्वप्रथम स्थान, आसन, पूजणी, मुखवस्त्रिका आदि की पडिलेहणा करना। फिर यतनापूर्वक पूज कर आसन बिछाना। बाद मे आसन छोड कर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुह कर के दोनो हाथ जोडकर पचाग नमा कर '**तिक्खुत्तो**' के पाठ से तीन बार विधिपूर्वक वदना करना और श्रीसीमधर स्वामी या अपने धर्माचार्य जी (गुरुदेव) की आज्ञा लेकर

जहाँ भी कहीं क्लेश की सभावना हो उस स्थान से दूर रहना चाहिए/

चदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहिय पयासयरा।
सागरवर गभीरा, सिद्धा सिद्धि मम दिसन्तु।।7।।

6. करेमि भंते का पाठ

करेमि भते ! सामाइयं, सावज्ज जोग पच्चक्खामि जावनियम पज्जुवासामि, दुविहं तिविहेणं न करेमि, न कारवेमि मणसा वयसा कायसा तस्स भते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि।

7. णमोत्थुण का पाठ

णमोत्थुणं अरिहताण भगवताण आइगराणं तित्थयराणं सयं सबुद्धाणं, पुरिसुत्तमाण पुरिससीहाण पुरिस-वर पुंडरिआणं पुरिसवर-गंध-हत्थीण, लोगु-त्तमाण लोगणाहाणं लोगहिआणं लोगपईवाणं लोगपज्जोअगराणं, अभयदयाणं चक्खुदयाणं, मग्गदयाणं सरणदयाण, जीवदयाण बोहिदयाणं धम्मदयाणं, धम्भदेसयाण, धम्मनायगाणं धम्मसारहीणं, धम्मवर-चाउरन्त चक्कवट्टीण दीवो ताण सरणगई पईट्ठा अप्पडिहयवर नाणदंसणध राण विअट्टछउमाण जिणाण जावयाण, तिण्णाणं तारयाणं बुद्धाण बोहयाणं, मुत्ताणं, मोअगाणं, सव्वण्णूणं सव्वदरिसीण, सिव मयल मरुअ मणंत मक्खय मव्वाबाह मपुणराविति सिद्धिगइनामधेय ठाण सपत्ताणं णमो जिणाणं जिअभयाणं।

सामायिक पारने की विधि

एयस्स नवमस्स सामाइयवयस्स पच अइयारा जाणियव्वा न समायरियव्वा तजहा ते आलोउ- मणदुप्पणिहाणे, वयदुप्पणिहाणे, कायदुप्पणिहाणे, सामाइयस्स सइ अकरणया,

३२ दोषो का सेवन नहीं करना चाहिए।

सामायिक पारने की विधि

